मैंने 12,460 बीटीसी शिक्षकों और 4,000 बीटीसी उर्दू शिक्षकों का उदाहरण इसलिए दिया, ताकि आप समझ सकें कि जनता टुकड़ों-टुकड़ों में जनता नहीं हो सकती, यह सही है कि इन 16,460 शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश में जबरदस्त संघर्ष किया है, हर जिले में भारत प्रदर्शन किया है और लाठियां खाई हैं। फिर भी ये अपनी पूरी लड़ाई नहीं जीत पाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आश्वासन के बाद भी और कोर्ट के चार हफ्ते में नियुक्ति पत्र देने के आदेश के बाद भी सबको नियुक्ति पत्र नहीं मिला है. करीब 5,000 को ही नियुक्ति पत्र मिला है और अब भी 12,000 के करीब नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं. अभी भी दोनों मिलकर नहीं लड़ रहे हैं. जिस जनता के दम पर ये वेतन जीतकर सरकार बना लेते हैं, उस सरकार के सामने जनता लगातार हार रही है। उसका जनता बनना बाकी है. यह धार्मिक उन्माद, जातिवादी आंकिका के पीछे दौड़कर खुद को जनता समझती रहे, मगर जब भी यह आवाज उठाएगी, कुचल दी जाएगी, पौने दो लाख शिक्षामित्रों, 30,000 लेखपालों और 12,000 शिक्षकों को सोचना चाहिए कि ये अपनी लड़ाई अलग क्यों लड़ रहे हैं, क्या उनकी सहानुभूति एक दूसरे से है, इस सवाल का ईमानदार जवाब उनके लिए बेहतर भविष्य की दिशा तय करेगा।

टिप्पणियां इन सबको ईमानदारी से एक और सवाल पर गौर करना चाहिए, अंग्रेजीकाल पर जाने से पहले ये किस तरह की सड़कों के गले में थे, क्या ये पत्रकारिता के फैलने पर की जाने वाली सड़कों के प्रति सर्वाधिक थे या उनके चश्मों को ऐसाई चश्म देने के लिए चाय रही टिप्पू-सुलियम चाहमें में चाह रहे थे, आज अंग्रेजों जनता नहीं बन सकते और अंग्रेजों हो ट्रांसफर करके सड़कों पर छाया नहीं कर सकते हैं कि सब कुछ पत्रकारिता की पैरिकाता से हो, इसे प्रश्न करने में ट्रांसफर करके आपने जो भूमिका अदा की है, उसकी सजा तो भुगतनी पड़ेगी, किसे पलवाद है कि 17 और 18 जुलाई को रेलवे के लोकोपायलट भूखे पेट गाड़ी चलाएंगे, ये काम करते हुए अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. आप चैनलों से उम्मीद करते हैं, तो कहाए, आप इस उम्मीद से पहले क्या देखते रहे हैं।

लखनऊ से प्रकाशित.....

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

6AM

न्यूज टाइम्स

लखनऊ 28 दिसंबर दिन गुरुवार 2017

वर्ष:1 – अंक:41 | पृष्ठ:8 – मूल्य: 2 रुपए

Email.6amnewstimes2188@gmail.com

राफेल सौदे में बातचीत से देश को काफी बचत हुई: निर्मला

3 बीजेपी की गतिविधि के लिये इस्तेमाल किया जा रहा प्रधानमंत्री निवास : मायावती

8 अखिलेश यादव ने दी अच्छी विदेश नीति अपनाने की सलाह

राजनैतिक द्वेष के शिकार हैं लालू?

लालू यादव के बीजेपी से समझौता कर हाथ मिलाने पर, तेजस्वी यादव ने किया बड़ा खुलासा ?

पटना। राजद प्रमुख लालू यादव को चारा घोटाले में दोषी करार दिए जाने के बाद बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि अगर लालू जी आज अपने डीएनए मे समझौता कर लें और हाथ मिला लें तब आप देखिए ये चारा घोटाला भाईचारा घोटाला और लालू यादव राजा हरिश्चंद्र हो जाएंगे. लेकिन उनका कहना हैं कि भाजपा के सामने झुकने का सवाल नहीं हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू प्रसाद पूरी दिलेरी से सच को राह पर अड़े हैं. तथाकथित चारा घोटाला दो मिनट में भाईचारा घोटाला में तब्दील हो जाता अगर लालू प्रसाद का डीएनए बदल जाता। अगर लालू प्रसाद बीजेपी से हाथ मिला लेते तो वह हिन्दुस्तान के आज के राजा हरिश्चंद्र होते. तेजस्वी यादव ने दावा किया कि हर सूरत में सिद्धांतों पर चलने के हठ के सामने लालू प्रसाद की तरह कोई दूसरा नहीं है. उन्होंने इस बात को फिर दोहराया कि लालू यादव और उनकी पार्टी के साथ जो कुछ भी हो रहा है वह भाजपा के विरोध का नतीजा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि लालू प्रसाद को फंसाया गया है, तथाकथित भ्रष्टाचार तो बहाना है. विरोधियों द्वारा कर्पूरी ठाकुर को भी अपशब्द कहे जाते रहे, जबकि उन पर तो भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं था.तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू को सजा होने पर बिहार की जनता खासा नाराज है और वो इसका विरोध कर रही है. तेजस्वी ने कहा कि उन लोगों को ये जानकारी पूरे राज्य मे मिल रही है कि लोगों में लालू यादव के साथ जो हो रहा हैं उसके प्रति काफी आक्रोश है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए तेजस्वी ने कहा कि जिनको लोगों ने चुना है वह कारागार में हैं और जिनको जनता ने नहीं चुना वह सरकार में हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी को फंसाने में नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही है। वो जानते थे कि लालू जी अगर रहेंगे तो नीतीश कुमार कभी भी बिहार के मुख्यमंत्री मंत्री नहीं बन सकेंगे. नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ मिलकर लालू जी के खिलाफ साजिश की है. हालांकि तेजस्वी के अनुसार नीतीश कुमार और भाजपा को समझना चाहिए कि लालू जी को जेल भेजकर खतरा टला नहीं, बल्कि एक नया काल पैदा हो गया है.उन्होंने बीजेपी पर वार करते हुए कहा कि बीजेपी संविधान को नहीं मानती। वह हमेशा से आरक्षण विरोधी रही है. बीजेपी के राज में देश में अघोषित रूप से एमरजेंसी है. सरकार के खिलाफ बोलने वाले पर झूठे मुकदमे होते हैं. ऐसे कई उदाहरण हैं. यह सरकार तानाशाह है. संविधान और हमारा देश खतरे में है. हमारा फर्ज है कि हम संविधान की रक्षा करें. तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी आरएसएस के एजेंडे पर काम करती है और वह प्रोपगैंडा बनाने में माहिर है.किया है, उसके खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करना है. इन लोगों से हमलोग डरने वाले नहीं हैं। अपनी विचारधारा से हमने कभी समझौता नहीं किया. तेजस्वी ने कहा कि न्यायालय की प्रक्रिया का हम सम्मान करते हैं और इसी प्रक्रिया में लालू प्रसाद दोषमुक्त भी होंगे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति विशेष को रोका जा सकता है, उसके विचारों, मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प को नहीं. राजद ने अपने सभी ब्लॉक स्तर के अध्यक्ष को 6 जनवरी को पटना में एक बैठक में बुलाया है। बैठक में राजद अध्यक्ष लालू यादव के चारा घोटाले में सजा होने के बाद की स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

✔ बीजेपी के राज में देश में अघोषित रूप से एमरजेंसी है: तेजस्वी

व्यापमं पर कार्रवाई क्यों नहीं : तारिक अनवर

कटिहार। राकांपा के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने आज आरोप लगाया कि चारा घोटाले के एक मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दोषसिद्धि 'राजनैतिक द्वेष' का नतीजा है और सीबीआई ने 'दबाव में काम किया' है.राकांपा नेता रांची में विशेष सीबीआई अदालत द्वारा चारा घोटाला के एक मामले में लालू प्रसाद और 15 अन्य को दोषी ठहराने पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इस मामले में अदालत ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा समेत छह अन्य को बरी भी कर दिया था.तारिक अनवर ने संवाददाताओं से कहा, ''जो कुछ भी लालू प्रसाद के साथ हुआ है, वह राजनैतिक द्वेष का नतीजा है। लेकिन जब निचली अदालत के फैसले के खिलाफ वह अपील करेंगे तो उन्हें उच्च न्यायालय से राहत मिलेगी।'' अनवर ने आरोप लगाया, ''मध्य प्रदेश में इतना बड़ा व्यापमं घोटाला हुआ है। लेकिन हमने कोई गंभीर कार्रवाई नहीं देखी।''उन्होंने कहा कि भाजपा ने गुजरात में अपनी सत्ता भले ही कायम रखी हो, लेकिन विधानसभा में उसकी सीटों की संख्या में काफी गिरावट आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य के नतीजे सभी विपक्षी दलों के लिये सबक हैं कि वे अपने मतभेद भुला दें और सांप्रदायिक शक्तियों से मिलकर लड़ें।

हिमाचल प्रदेश के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में जयराम ठाकुर ने ली शपथ

शिमला। भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित समारोह के दौरान आज हिमाचल प्रदेश के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। ठाकुर के साथ उनके मंत्रिमंडल के 11 अन्य मंत्रियों ने भी पद की शपथ ली।हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 52 वर्षीय ठाकुर और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। स्वयं सेराज से छठी बार भाजपा विधायक चुने गये ठाकुर ने अपने मंत्रिमंडल में छह नये चेहरों को शामिल किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और कई अन्य केन्द्रीय मंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री और 11 अन्य मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही 12 सदस्यीय कैबिनेट की संख्या पूरी हो गयी है। दो अन्य विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाया गया है।हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 74 राजीव बिंदल होंगे। ठाकुर प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े जिले मंडी से प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं।

वह राज्य के 14वें मुख्यमंत्री और प्रदेश में इस पद पर आसीन होने वाले छठे व्यक्ति हैं। समारोह के दौरान सुरेश भारद्वाज और गोविंद सिंह ठाकुर ने संस्कृत में, जबकि अन्य ने हिन्दी में शपथ ली। ठाकुर की कैबिनेट में एक मात्र महिला चेहरा है सरवीन चौधरी।ठाकुर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 मंत्री हैं मोहिन्दर सिंह, कृष्ण कपूर, सुरेश भारद्वाज, अनिल शर्मा, सरवीन चौधरी, राम लाल मारकंडा, विपिन परमार, वीरेन्द्र कंवर, गोविन्द सिंह ठाकुर, राजीव सैजल और विक्रम सिंह। कैबिनेट में मुख्यमंत्री के अलावा उनके गृह जिला मंडी से दो और मंत्री शामिल हैं। सबसे बड़े कांगड़ा जिले से चार जबकि शिमला, सोलन, कुल्लू, ऊना और लाहौल-स्पीति से एक-एक विधायक को मंत्री बनाया गया है।

✔ ठाकुर ने अपने मंत्रिमंडल में छह नये चेहरों को शामिल किया है

केजरीवाल सरकार के सामने आई कई चुनौतियां

नयी दिल्ली। दिल्ली में आप सरकार और उपराज्यपाल के बीच पिछले साल के मुकाबले इस साल कम टकराव देखा गया लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार को प्रदूषण, अधूरे चुनावी वादों और भ्रष्टाचार के आरोप जैसे मुद्दों से दो-चार होना पड़ा। पिछले साल 31 दिसंबर को राज निवास का प्रभार संभालने के बाद अनिल बैजल ने नए न्यूनतम वेतन और शिक्षा ऋण योजना जैसे आम आदमी पार्टी की सरकार के कई अहम फैसलों को मंजूरी दी।बैजल के पूर्ववर्ती नजीब जंग और आप सरकार के बीच नौकरशाही पर प्रशासनिक नियंत्रण समेत कई मामलों को लेकर टकराव होता रहता था। बहरहाल, अन्नूर में कई मौकों पर उपराज्यपाल और केजरीवाल के बीच तकरार देखने को मिली। केजरीवाल ने करीब 17,000 अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के सरकार के फैसलों को मंजूरी देने में बैजल की ओर से की जा रही देरी पर कहा था कि ''वह निर्वाचित मुख्यमंत्री है ना कि आतंकवादी।

अखिलेश यादव ने सैफई के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईजीसीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

2019 के लोकसभा चुनाव के लिए, अभी से जुट जाएं सपा कार्यकर्ता: अखिलेश

इटावा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी कार्यकर्ताओं से 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाने की अपील की है। यह बात अखिलेश यादव ने सैफई में को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईजीसीएल के उद्घाटन के समय कही।अखिलेश यादव ने सैफई के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुई आईजीसीएल (इंडियन ग्रामीण क्रिकेट लीग) क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता के सभी मैच डे नाइट होंगे।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही देश और प्रदेश को आगे ले जाएगी।अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से मुस्तैदी से जुट जाएं क्यों कि जो हालात भाजपा वालों ने आम लोगों के बना दिए है उससे एक बात साफ हो गई है कि 2019 में भाजपा को खाली हाथ लौटना पड़ेगा।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2022 में युवाओं को सपा के साथ खड़े होकर ताकत दिखानी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी 2022 के चुनाव का इंतजार नहीं करेंगे, बल्कि 2019 के ही चुनाव में देश की सत्ता में वापसी की कमर कस चुके हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुये कहा कि भाजपा वालों से सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा वालों का गुजरात मॉडल पूरी तरह से फेल हो गया। भाजपा वाले हर चीज को आधार से जोड़ रहे हैं। हम कह रहे है कि देश के युवाओं को भी आधार से जोड़ दो ताकि इनको कम से कम रोजगार तो मिल ही जाये। अगर ऐसा हो गया तो निश्चित ही देश से बेरोजगारी की समस्या खत्म हो जाएगी ।उन्होंने कहा कि मोबाइल के माध्यम से चल रही सोशल मीडिया की खबरों से होशियार रहना चाहिए। उन्होंने स्टेडियम में उपस्थित भाग ले रहीं टीमों के खिलाड़ियों व अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये बीजेपी वाले मोबाइल के माध्यम से सोशल मीडिया का जमकर प्रयोग कर रहे हैं।

इसलिए सोशल मीडिया की खबरों पर विश्वास मत करना।उन्होंने अपने खिलाड़ी जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि आज आपको बहुत ही बेहतर गेंद से क्रिकेट खेलने को मिल रहा है लेकिन जब हम क्रिकेट खेला करते थे तो इससे बहुत खराब गेंद हुआ करती थी। आप लोग तो इंटरनेशनल स्तर के स्टेडियम में आनंद ले रहे हैं लेकिन हमारे समय में तो खेल का कोई मैदान ही नहीं था। उन्होंने कहा कि आज आईजीसीएल के माध्यम से क्रिकेट को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है।अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर पर लिखा- ग्रामीण इलाकों में खेल को बढ़ावा देना देश की खेल प्रतिभाओं के लिए अति आवश्यक है। सैफई में 'दूसरा' इंडियन ग्रामीण क्रिकेट लीग' का शुभारंभ करते हुए।आईजीसीएल के उद्घाटन समारोह में, अखिलेश यादव खुद बल्ला थामकर मैदान में बैटिंग करने उतरे। इस दौरान अखिलेश यादव को मैदान में देखकर लोग काफी उत्साहित भी दिखे।अनुपमा बैंड ने ऐसा समा बांधा की खिलाड़ी व दर्शक झूमते रहे।बॉलीवुड की मशहूर गायिका अनुपमा राग व उनकी सहयोगी अमन तृषा ने लाल दुपट्टा, शालू के नुमके, तेरी गलियां, चाप का माल, नजर से नजर मिली, रंगी साड़ी गुलाबी, नैना रे, आदि गीत सुनाए। आईजीसीएल के उद्घाटन में सपेरों की एक टोली भी खूब नाची। उन्होंने बीन बजाकर नृत्य किया।

✔ कहा, 2022 में युवाओं को सपा के साथ खड़े होकर ताकत दिखानी है

लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

6AM न्यूज टाइम्स

RNI.No.UPHIN/2017/75301

लखनऊ, रायबरेली, बाराबंकी, प्रयागराज में प्रसारित...

तमिलनाडु का राजनीतिक परिदृश्य अभी धुंधला ...04

गोल्डन एज में ओल्ड बनाए डिप्रैशन..07

वर्ष -9 अंक- 74 E-mail : 6amnewstimes2188@gmailcom लखनऊ, शनिवार, 7 फरवरी 2026 मूल्य 8.00 रुपये

नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमतिः एससी

6AM NEWS TIMES

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो

कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा, अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो।न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होना कि नाबालिग की यह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाता है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें।

यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत स्वप्रजनन अधिकारों की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है।सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। इसके अलावा अगर गर्भवती महिला के जीवन को तात्कालिक कोई गंभीर खतरा हो, तो कानून की किसी भी समय सीमा के बिना आपातकालीन स्थिति में गर्भपात की अनुमति दी जाती है।

सीमांत नगालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण के गठन का समझौता ऐतिहासिकः पीएम मोदी

- एफएनटीए को 46 विषयों से जुड़े मामलों में अधिकार सौंपे जाएंगे
- यह समझौता पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास की दिशा में अहम कदम है

6AM NEWS TIMES

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सीमांत नगालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण (एफएनटीए) के गठन के लिए त्रिपक्षीय समझौता ऐतिहासिक है और पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति एवं समावेशी विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह वास्तव में एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नगालैंड के विकास को गति प्रदान करेगा। केंद्र सरकार ने पूर्वी नगालैंड की मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से सीमांत नगालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण के गठन के बारे नगालैंड सरकार और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नये द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समझौते पर बृहस्पतिवार को नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।

परीक्षा पे चर्चा को लेकर बोले सीएम योगी बोले-

पीएम मोदी के शब्दों में हर चुनौती का सामना करने की प्रेरणा

6AM NEWS TIMES

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, परीक्षा आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य की कसौटी होती है। ऐसे क्षणों में सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के मन से भय हटाकर उन्हें विश्वास और ऊर्जा भर देता है। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों से आत्मीय संवाद किया। सीएम योगी ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह संदेश दिया कि तनाव नहीं, संतुलन को अपनाइए; प्रतिस्पर्धा नहीं, आत्म-विकास पर ध्यान दीजिए और परिणाम नहीं, निरंतर प्रयास पर भरोसा रखिए। उनके शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा, यह संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। निश्चय ही यह पहल करोड़ों विद्यार्थियों के मन में नई दिशा, नई ऊर्जा और नए विश्वास का संचार करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य, आत्मविश्वासपूर्ण प्रयास और सफलता से भरे पथ की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का पहला एपिसोड शुक्रवार को जारी हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने आपका स्ट्रेस-आपकी गति से लेकर तनाव के साथ तैयारी, कम प्रेशर-ज्यादा शोरगुल, शोर के बीच टिके रहना और बड़े सपने-बड़े काम तक अलग-अलग विषयों पर छात्रों से संवाद किया। इसी बीच, उन्होंने छात्रों के कई सवालों के भी जवाब दिए। पीएम मोदी ने मार्क्स, रेंक्स और होने के बीच बैलेंस पर भी छात्रों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कार्यक्रम के पहले एपिसोड में पीएम मोदी के सामने गीत और कविता से लेकर खांसी भगाने तक छात्रों ने भी कई एक्टिविटी की।

न कर्फ्यू न दंगा, यूपी में अब सब चंगाः योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिद्वार के भगत भगत भीर, सप्त सरोवर रोड के पास सप्तऋषि आश्रम छावनी में संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी अब एक पिछड़ा राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बन गया है। यूपी की बेहतर कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगे और कर्फ्यू से मुक्त होकर तेजी से विकास कर रहा है। सीएम ने कहा कि यही विश्वास का भटीनाथ धाम, केदारनाथ केवल आस्था के केंद्र नहीं हैं, ये राष्ट्र चेतना के केंद्र हैं। राष्ट्र यहां से शक्ति प्राप्त करता है। भटीनाथ धाम और केदारनाथ धाम सिर्फ आध्यात्मिक केंद्र नहीं हैं बल्कि सांस्कृतिक चेतना के केंद्र बिंदु हैं। राष्ट्र को यहीं से शक्ति मिलती है। हमने इन केंद्र बिंदुओं को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया है। हमने इसकी विरासत का सम्मान किया है। उसकी रक्षा की है। नतीजा है कि एक समय बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। प्रगति के नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।अब यूपी में अराजकता नहीं है। अब दंगे फसाद नहीं हैं। गुंडागर्दी नहीं है। चारों ओर कानून का राज यूपी में अब सब चंगा।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि मुझे उत्तराखंड में यहां पर भागीदार बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के अंदर हम लोगों ने व्यापक परिवर्तन देखा है। यह निर्णय की यह शक्ति है जिसका सैकड़ों वर्षों से इंतजार था। भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा भर नहीं है। यह चेतन परंपरा की साक्षात चेतना का भी केंद्र है। यहां संस्कृति केवल आस्था नहीं, एक पूरा जीवन दर्शन है।इस कड़ी में मैं कहता हूं कि भारत केवल एक तिथि में नहीं बना है। भारत किसी एक सत्ता की देन नहीं है। सनातन चेतना से इसका सनातनिक प्रवाह है। चेतना का परिणाम हमें सुप्रीम कोर्ट पर भगवे झंडे के तौर पर दिखता है कि यहां धर्मनिरपेक्षता तभी जायज मानी जाती धर्म है नहीं विजय है। भारत का उच्चतम न्यायालय भी इस बात को अंगीकार करता है। धर्म कभी कमजोर नहीं होता है, जो जानबूझ कर कमजोर किया जाता है। जो राष्ट्र अपनी सभ्यता और संस्कृति को त्यागता है, वह न वर्तमान को सुरक्षित रख पाता है और न भविष्य को संजो पाता है। वैदिक भारत एक आत्मनिर्भर सभ्यता का प्रतीक है। आक्रांताओं के आने से पहले भारत केवल एक भूभाग नहीं था। वह पूर्ण विकसित सभ्यता, संस्कृति थी। यह राष्ट्र हमारे ऋषियों की तपस्या, किसानों के श्रम से और कारीगरों की कुशलनीतता के साथ खड़ा हुआ था।

यूजीसी कानून के समर्थन में हजारों संगठनों की रैलियों से उड़ने लगीं सरकार की नींद

रविन्द्र यादव

6AM NEWS TIMES

लखनऊ। विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को जाति भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त बनाने के लिए यूजीसी गाइडलाइंस अनिवार्य करना जरूरी, उत्तर प्रदेश बिहार सहित देश के सभी हिस्सों में दिन प्रतिदिन बढ़ते धरना प्रदर्शन से केन्द्र सरकार के साथ प्रदेश सरकारों की बढ़ती चिंता।

यूजीसी इक्विटी नियमावली लागू करने की मांग को लेकर 2 फरवरी से आज तक लगातार सामाजिक संगठनों ने जुलूस निकालकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप रहे हैं। जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी गाइडलाइंस लागू करो, जाति जनगणना कराओ, न्याय पालिका में प्रतिनिधित्व की गारंटी करो, रोहित वेमुला अमर रहें, पायल तड़वी अमर रहें के नारे सरकार और यूजीसी विरोधियों की नाक में दम कर रहे हैं। यूजीसी के अपने आंकड़े ही बताते हैं कि 2019 से 2024 के बीच विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस लिहाज से विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को जाति भेदभाव व उत्पीड़न से मुक्त बनाने की दिशा में यूजीसी इक्विटी नियमावली न्यूनतम कोशिश है। इसे तत्काल लागू किया जाए। सामाजिक न्याय के लिए ठोस व सुसंगत नीतियां व योजनाएं बने, इसके लिए जरूरी है कि जाति जनगणना हो। जाति जनगणना की घोषणा के बाद अभी जाति जनगणना फॉर्म में जाति का कॉलम नहीं है, जाति जनगणना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेताओं ने कहा कि यूजीसी द्वारा लाया गया प्रगतिशील और समानता आधारित इक्विटी रेगुलेशन 2026 देशभर के विश्वविद्यालयों में समानता से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव व उत्पीड़न को रोकने के लिए एक्ट को संसद से पारित करने की मांग की। साथ ही जनगणना में जाति कॉलम जोड़कर जातिगत जनगणना कराए जाने की भी मांग उठाई। परिसरमें सौहार्दिक वातावरण सुनिश्चित हो सके छात्र नेताओं ने कहा कि सभी केंद्रीय, राज्य और अन्य विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए और इसमें आरक्षण रोस्टर का पूरी तरह पालन हो, ताकि सामाजिक न्याय, समान अवसर और परिसामपी सौहार्दिक वातावरण सुनिश्चित हो सके। छात्रों ने कहा कि कैंपसों में भेदभाव को खत्म करने की संपूर्ण जिम्मेदारी यूजीसी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ लोगों के दबाव में आकर नियमावली पर रोक लगाई है। सरकार से मांग की गई कि संसद में यूजीसी एक्ट लाकर इसे पास कराया जाए, ताकि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों को न्याय मिल सके। संस्थागत हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नहीं, छात्र छात्राओं ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में दलित, पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों पर हो रहे संस्थागत हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्रों ने इसे ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने की दिशा में उठाया गया कदम बताया और सुप्रीम कोर्ट से रेट हटाकर पुनर्विचार की अपील की।

देश भर में लाखों युवा छात्र छात्राओं के साथ अधिवक्ताओं और समाजसेवी यूजीसी के समर्थन में उतरे सड़कों पर

अब ना बीहड़ जंगल का डर ना बाढ़ का खतरा

योगी ने बदली पूरे गाँव वालों की जिंदगी 15 -15 लाख के साथ सबको पक्का मकान

6AM NEWS TIMES

बहराइच। अब ना जंगल का डर ना बाढ़ का खतरा , बैंक खाते में भी 15 लाख, सीएम योगी ने बदली भरतपुर के लोगों की जिंदगी जंगल के बीच रहने वाले 136 परिवारों के लिए खुशखबरी, 15 15 लाख के बाद अब पक्का घर भी देंगे योगी।

बहराइच मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर सतोंडीपुर सीमा जो नेपाल बॉर्डर के सघोर तराई में बसा भरथापुर गांव चहों ओर से जंगल, नेपाल और कौड़ीयाला नदियों से घिरा हुआ है।

अब योगी सरकार तोहफा देगी।

देश की आजादी से पहले से बसे भरतापुर गांव के लोगों का विस्थापन किया जा रहा है। यह गांव तीन तरफ पानी और एक तरफ जंगल से घिरा हुआ है।तीन तरफ पानी और एक तरफ जंगल... एक ऐसा गांव, जहां पहुंचने के लिए कोई सड़क या रास्ता तक नहीं, लेकिन, अब बहराइच के इस गांव के लोगों की जिंदगी बदलने जा रही है। भरतापुर के विस्थापन के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों ही घोषणा की थी। विस्थापन के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है, सर्वे-समाई का काम भी पूरा हो गया है। साथ ही सरकार से मिलने वाला पैसा कुछ लोगों के बैंक खाते में पहुंच गया है। तीन तरफ नदी व एक तरफ जंगल से घिरे टापू सरीखे नेपाल सीमा से सटे भरथापुर गांव के 136 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सेमरहना गांव में सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी बनाकर बसाने के क्रम में आवंटन प्रक्रिया की बृहस्पतिवार को औपचारिक शुरुआत कर दी गई।

बहराइच का भरतापुर गांव आजादी से पहले का बसा हुआ है। इस बड़े बदलाव को अंजाम तक पहुंचाने के लिए सीएम योगी खुद आने वाले हैं और इसके लिए हेलीपैड भी बनकर तैयार हो गया है। प्रशासन और वन विभाग ने जिन पात्र लोगों की लिस्ट बनाई है, उसमें 136 लोगों के नाम हैं। इनमें से 118 लोगों के खातों में रकम पहुंच गई है। प्रशासन की लिस्ट के हिसाब से सिर्फ 18 लोग ऐसे बचे हैं, जिनके खाते में पैसा जाना बाकी है।